हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार 11 जुलाई 2026


तापमान

अधिकतम 36.5 डिग्री
न्यूनतम 26.4 डिग्री


12 प्रदेश सरकार बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रतिबद्ध...





12 घंटों बिजली गुल होने से ग्रामीण परेशान...




## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी काबू

**खोरी।** थाना खोल पुलिस ने खोरी गांव में अवैध रूप से शराब बेचेने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि खोरी निवासी रामफल गांव में अवैध शराब बेचता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर रेड की, तो आरोपी के कब्जे से देशी शराब के 58 बोतल शराब बरामद हुई। पुलिस ने उसे शराब सहित मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बीते दिनों एक विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार पुलिस थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उनमें सुलहनामा नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने गत गत 4 मार्च को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने हिसार के पेटवाड़ निवासी तनंज्य को गिरफ्तार किया है।

### हादसे का आरोपी वाहन चालक काबू

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने जनवरी माह में दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर हुए हादसे के बाद दर्ज मामले में एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। हाइवे पर वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने 16 जनवरी को वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसका पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के ठेकड़ा गांव निवासी सोहिल को गिरफ्तार किया है।

### सट्टा खाईवाली करते दो आरोपी दबोचे

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सट्टा खाईवाली करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि महेश्वरी में रह रहा हिसार के पावड़ा निवासी उदयभान सट्टा खाईवाली कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने उसे मौके पर जाकर गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 1470 रुपये बरामद हुए। एक अन्य मामले में मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कंपनी बाग निवासी कृष्ण को सट्टे की 1270 रुपये राशि सहित गिरफ्तार किया है।

### चोरी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने मई माह में हुई चोरी की वारदात के बाद दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत 26 मई को चोरी का केस दर्ज किया था। चोर पीड़ित का हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने महेंद्रगढ़ के सैदपुर निवासी हिम्मत को गिरफ्तार किया है।

## वर्ष 2023 में 403, 2024 में 412 व 2025 में 297 मिले थे डेंगू के केस

# स्वास्थ्य विभाग लार्वा मिलने पर थमा रहा नोटिस, नप जुर्माना वसुलने में सुस्त

स्वास्थ्य विभाग की ओर से डेंगू व मलेरिया से निपटने के लिए किया जा रहा सोर्स रिडक्शन कार्य, एचआई, ब्रीडिंग चेकर और एमपीएचडब्ल्यू का सर्वे जारी

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी

मानसून आने के बाद डेंगू-मलेरिया व चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों को खतरा बढ़ गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जनवरी से सोर्स रिडक्शन का कार्य किया जा रहा है और लार्वा मिलने पर लोगों को नोटिस थमाए जा रहे है। ताज्जुब की बात ये है कि स्वास्थ्य विभाग प्रति वर्ष हजारों लोगों को नोटिस देता है, लेकिन नगर परिषद की ओर से इन लोगों से जुर्माना तक बसूला नहीं जाता है। पिछले तीन वर्षों में जिले में डेंगू केसों की संख्या काफी अधिक रही। वर्ष 2023 में 403, 2024 में 412 व 2025 में 297 डेंगू के केस मिले थे। गत वर्ष अगस्त में 101, सितंबर में 95 व अक्टूबर डेंगू पॉजिटिव केसों के मामलों में पीक पर रहा। पिछले वर्षो से स्वास्थ्य विभाग लगातार जनवरी से सर्वे शुरू करके लार्वा मिलने पर लोगों को नोटिस भी देता आ रहा है, जबकि नोटिस देने के बाद जुर्माना करने की जिम्मेदारी नगर परिषद की है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से व्यक्ति को लगातार तीसरा नोटिस देने पर जुर्माना लगाया जाता है, लेकिन नगर परिषद की सुस्ती के कारण पिछले कई वर्षो से एक भी व्यक्ति से जुर्माना नहीं वसूला जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से वर्ष 2023 में लार्वा मिलने पर 7674 लोगों को नोटिस दिए गए। वहीं 2024 में 4406, 2025 में 3917 तथा 2026 में जनवरी से जून माह तक 309 लोगों को नोटिस दिए जा चुके है।



रेवाड़ी। स्वास्थ्यकर्मियों की बैठक लेते डा. जोगेन्द्र तंवर। फोटो : हरिभूमि

### सोर्स रिडक्शन का तेजी से चल रहा कार्य

डेंगू व मलेरिया से निपटने के लिए टीम की ओर से लगातार सोर्स रिडक्शन कार्य किया जा रहा है। टीम को हाई रिस्क एरिये में ज्यादा फोकस करने के निर्देश दिए गए है। जिलावासी भी मच्छरजनित बीमारियों को लेकर सतर्क रहे और अपने घरों के आसपास पानी जमा न होने दें। बच्चों को पूरी बाजू के कपड़े पहनाएं और मच्छर दानी का प्रयोग करें।





### अभी डेंगू वव मलेरिया के ज्यादा केस नहीं

अच्छी खबर यह है कि जिले में अभी तक इन बीमारियों पर स्वास्थ्य विभाग का पूरा कंट्रोल है। जिले में अभी तक 5 मलेरिया व डेंगू का एक केस ही मिला है। गत वर्ष जून माह तक डेंगू के 12 पॉजिटिव केस मिल चुके थे। आगामी बरसात के दिनों में स्वास्थ्य विभाग को मलेरिया और डेंगू से निपटने के लिए और अधिक अलर्ट रहना होगा। सीएमओ डा. नरेन्द्र दहिया व जिला मलेरिया अधिकारी डा. जोगेन्द्र तंवर हेल्थ इंस्पेक्टरों, ब्रीड़िग चेकरों व एमपीएचडब्ल्यू को लगातार मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए सतर्क रहने के निर्देश दे रहे है। जिले के सभी हेल्थ इंस्पेक्टरों को हाई रिस्क एरियों व कंट्रक्शन साईटों पर विशेष फोकस रखने के निर्देश दिए गए है। मलेरिया अधिकारी डा. जोगेन्द्र तंवर ने कहा कि सोर्स रिडक्शन कार्य में लगी टीम लार्वा मिलने पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को नोटिस दे ताकि वे बीमारियों के प्रति लापरवाही न बरत सकें। इसके अलावा टीम पंचायतों की मदद से प्री-फोगिंग कार्य भी शुरू कराएं।

### ब्रीडिंग चेकर व एमपीएचडब्ल्यू का सर्वे जारी

स्वास्थ्य विभाग की ओर से मानसून सीजन में मच्छरजनित बीमारियों पर नियंत्रण पाने के पूरे प्रयास भी किए जा रहे है। विभाग की टीमों की ओर से जनवरी से अब तक 888708 घरों में मॉस फीवर सर्वे किया जा चुका है। इस कार्य के लिए जिले में 23 हेल्थ इंस्पेक्टरों के साथ, 45 ब्रीडिंग चेकर व 96 एमपीएचडब्ल्यू की टीम लगी हुई है। इनके अलावा आशा वर्करों से भी सहयोग लिया जा रहा है। टीमों की ओर से वर्ष 2023 में 2149255, वर्ष 2024 में 2128604 तथा 2025 में 2362032 घरों को सर्वे किया गया था।

-डा. जोगेन्द्र तंवर, डिप्टी सीएमओ।

# झज्जर चौक पर फैलाई दहशत पुलिस के सामने नजर आए बेबस



रेवाड़ी। आरोपियों को पैदल ले जाते हुए पुलिसकर्मी।

- गाड़ी खराब हुई तो पुलिस ने पैदल ही बाजार से घुमाकर पहुंचाया हवालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीते 8 जुलाई की रात झज्जर चौक पर बिरयानी की दुकान पर मारपीट करते हुए दुकानदार के सामान को तोड़कर दहशत फैलाने का प्रयास करने के मामले में तीन आरोपियों को सिटी पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद तुरंत गिरफ्तार कर लिया। थाने ले जाते समय गाड़ी खराब होने के कारण पुलिस ने तीनों को पैदल उसी स्थान से निकाला, जहां उन्होंने दुकान पर तांडव मचाया था। लंगड़ाकर चल रहे तीनों आरोपी पूरी तरह बेबस और लाचार नजर आ रहे थे। वीरवार को पुलिस शिकायत में मूल रूप से यूपी के रामपुर निवासी उष्मान ने बताया था कि वह नई आबादी में किराए के मकान में रह रहा है। वह झज्जर चौक पर अपने दोस्त खुर्शीद की बिरयानी की दुकान पर काम करता है। 8 जुलाई की देर शाम उसकी दुकान में 5-6 युवक घुस गए। उन्होंने दुकान में घुसते ही उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करना शुरू कर दिया। जब उसका दोस्त खुर्शीद बीच-बचाव करने के लिए आया, तो उसके साथ भी मारपीट की गई। इसी दौरान लोगों की भीड़ एकत्रित हुई तो आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। एसपी ने मामले में सिटी पुलिस और सीआईए को आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। पुलिस ने इस मामले में सुभाष नगर निवासी कमल सैनी, भीम बस्ती निवासी गजराज और सज्जन कॉलोनी निवासी गोविंद को घटना के चंद घंटों बाद ही गिरफ्तार कर लिया। इसे इत्तिफाक कहा जाए या फिर कुछ और, तीनों को थाने ले जाते समय पुलिस की गाड़ी खराब हो गई। पुलिस ने तीनों को पैदल उसी दुकान के सामने से निकाला, जहां उन्होंने वारदात को अंजाम दिया था। इस दौरान तीनों आरोपी लंगड़ाकर चलते हुए नजर आ रहे थे।

### शांति और सुरक्षा के लिए पुलिस प्रतिबद्ध

पुलिस आमजन की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जा सकती। गुंडागर्दी करने वालों की जगह जेल में है। ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस त्वरित कार्रवाई करती है। इस मामले में तीन आरोपियों को काबू किया गया है, जबकि उनके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

-हेमेंद्र कुमार मीणा, एसपी।

# नशे में धुत युवती ने पहले पेट्रोल पंप पर फिर पुलिस स्टेशन में जमकर किया बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शराब के नशे में धुत एक युवती ने वीरवार रात झज्जर चौक के पास एक पेट्रोल पंप पर जमकर बवाल किया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस उसे थाने ले गई, तो वहां भी उसने जमकर हंगामा किया। लगभग चार घंटे तक युवती का हंगामा चलता रहा। देर शाम एक युवती अपने दोस्तों के साथ पेट्रोल पंप पर आई थी। कुछ समय तक वह प्रदूषण जांच केंद्र में बैठी रही। इसके बाद शौचालय चली गई। बताया जा रहा है कि युवती ने कैशियर का वीडियो बनाना शुरू कर दिया। मना करने पर उसने पेट्रोल पंप कर्मियों के साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। हंगामा बढ़ता देखते देख युवती के साथ आए युवक वहां से खिसक गए। पेट्रोल पंप संचालक ने उसे समझाने का प्रयास किया, तो उसने संचालक को थप्पड़ जड़ दिया। पंप संचालक ने पुलिस को सूचना दी। सिटी पुलिस मौके पर पहुंची तो युवती ने एक पुलिसकर्मी को जोरदार धक्का देते हुए हंगामा तेज कर दिया। पुलिस युवती का मेडिकल कराने के लिए उसे सिविल अस्पताल ले गई। अस्पताल पहुंचने के बाद युवती ने डॉक्टरों के साथ जमकर हंगामा शुरू कर दिया।



रेवाड़ी। पेट्रोल पंप पर हंगामा करने पर युवती को ले जाते पुलिसकर्मी।

### आईटीआई में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**रेवाड़ी।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा की ओर से राज्य के सभी राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2026-27 के दाखिले के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन पत्र करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई तक बढ़ा दी गई हैं। प्रवक्ता ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के पास पंजीकरण के लिए शैक्षणिक योग्यता, आरक्षण व स्थाई निवासी प्रमाण-पत्र, फैमिली आईडी, मोबाइल नंबर, मेल आईडी व आधार कार्ड इत्यादि दस्तावेज होने चाहिए। विभिन्न दाखिला चरणों में मेरिट एवं सीट अलॉटमेंट जारी करने की सूचना वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। पंजीकृत अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर 15 जुलाई तक ट्रेड व संस्थान का चयन कर सकते हैं।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

**रेवाड़ी।** नवोदय विद्यालय समिति की ओर से कक्षा छह में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय नैचाना के प्राचार्य सुरेंद्र कुमार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक विद्यार्थी 31 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट नवोदया.जीओवी.इन के माध्यम से किए जा सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए वही विद्यार्थी पात्र होंगे, जो शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दौरान मान्यता प्राप्त सरकारी अथवा गैर-सरकारी विद्यालय में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत हैं। साथ ही अभ्यर्थी की जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 28 नवंबर को जिले के निर्धारित केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

## सीएम के कार्यक्रम से राव इंद्रजीत व विधायक की दूरी पर जवाब

# प्रोटोकॉल पर चूक करने वालों से मांगे जवाब

प्रदेश सरकार ने डॉक्टरों की कमी दूर करने के लिए डेढ़ साल में की 1100 नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीते 30 जून को बावल में आयोजित प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी के 'खेत बचाओ' कार्यक्रम के समापन अवसर पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार की अनुपस्थिति को लेकर किए कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रोटोकॉल को लेकर अनावश्यक रूप से कंट्रावर्सी पैदा की गई। आरती शुक्रवार को रामपुरा में पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल की पालना करने की परिपाटी शुरू से ही चली आ रही है। सीएम के आगमन पर प्रोटोकॉल की पालना नहीं की गई। इसके लिए संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल को लेकर अनावश्यक रूप से बयानबाजी करना किसी भी सूरत में उचित नहीं है। आरती ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए डेढ़ साल के दौरान 1100 डॉक्टरों की नियुक्ति की है। आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए सिटी स्कैन से लेकर दूसरे टेस्ट भी सरकारी अस्पतालों में शुरू कराए हैं। उन्होंने कहा कि शहर के सिविल अस्पताल की बिल्डिंग निर्माण का कार्य जल्द शुरू होने जा रहा है। वह लगातार इस पर नजर रखे हुए हैं। ड्राइंग बनकर तैयार हो चुका है। सिविल अस्पताल की लिफ्ट पर भी अधिकारियों से चर्चा की गई है।



रेवाड़ी। पत्रकारों से वार्ता करते हुए आरती राव।


हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक एवं जनता TV

हरियाणवी म्यूज़िक अवार्ड 2026

हरियाणवी संगीत का गौरव
हरियाणवी संस्कृति, हमारी पहचान

1 अगस्त 2026 शनिवार
जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, मुरथल रोड, सोनीपत (हरियाणा)

नॉमिनेशन के लिए केवल दो दिन बाकी

Category
- Haryanvi Rapper of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Ghada-Bhenjo) (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Pakka Saaz) (Male & Female)
- Haryanvi Desi Pop Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Devotional Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Lyricist of the Year
- Haryanvi Music Composer of the Year
- Haryanvi Master/Mixer of the Year
- Haryanvi Most Melodious Song of the Year

Only for songs released from 1 January 2025 to 31 December 2025

नॉमिनेशन के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें
or visit our website at :
www.haribhoomi.com
Last Date : 12 July 2026

नॉमिनेशन के लिए पात्रता
- केवल हरियाणवी बोली में जारी किए गए गीत ही नामांकन हेतु मान्य होंगे।
- गीत/संगीत कृति का आधिकारिक रिलीज वर्ष 2025 (1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025) के बीच होना अनिवार्य है।
- नामांकन संबंधित श्रेणियों के अनुसार गायक/गायिका, रैपर, गीतकार, संगीतकार, म्यूजिक मिक्सर एवं अन्य पात्र कलाकारों द्वारा किया जा सकता है।
- अगर आप एक से ज्यादा कैटेगरी के लिए खुद को नॉमिनेट करना चाहते हैं, तो आपको हर कैटेगरी के लिए अलग-अलग नॉमिनेशन फॉर्म भरना होगा।
- नॉमिनेशन फॉर्म केवल नॉमिनी या उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा ही भरा जा सकता है।
- कृपया सभी जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से भरें। आयोजन समिति आवश्यक होने पर सभी प्रविष्टियों एवं दस्तावेजों का सत्यापन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। अपूर्ण अथवा गलत जानकारी वाले आवेदन निरस्त किए जा सकते हैं।
- सभी नॉमिनेशन का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा, जिसका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
- किसी भी कैटेगिरी में पांच से कम प्रतिभागी/नॉमिनी रहने पर उस कैटेगिरी को रद्द कर दिया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें 7404443155 advthbtv@gmail.com



# म्यूजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगे आदित्य, मिलाप करेंगे निर्देशन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर आदित्य रॉय कपूर जल्द ही डायरेक्टर मिलाप जावेरी की एक नई फिल्म में नजर आने वाले हैं। यह एक्शन और बेहतरीन गानों से भरपूर एक अनोखी म्यूजिकल लव स्टोरी होगी। फिल्म निर्माता भूषण कुमार और आदित्य रॉय कपूर एक बार फिर साथ आ रहे हैं। इससे पहले दोनों आशिकी 2 और मलंग जैसी हिट फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। अब दोनों साथ में एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी करेंगे। मिलाप जावेरी और आदित्य रॉय कपूर एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। मिलाप जावेरी ने कहा कि आदित्य में प्यार और दर्द को पर्दे पर दिखाने का एक अनोखा टैलेंट है। इस फिल्म में उनका किरदार काफी गहरा और दमदार होगा, जिसे दर्शक बेहद पसंद करेंगे।

## लाइफ Style

# अंजलि

## बिना ऑडिशन धमाल 4 में हुई एंट्री

एजेंसी ⏭ मुंबई

अंजलि आनंद शुक्रवार को रिलीज हुई फिल्म 'धमाल 4' में कामेडी करती दिख रही हैं। धमाल 4 से जुड़ने को लेकर वह कहती है कि मुझे लगता है कि यह फिल्म मेरे हिस्से में आनी ही थी। जब मेरी डायरेक्टर इंद्र कुमार से मुलाकात हुई, तो हमने करीब ढाई घंटे तक फिल्म की बात ही नहीं की। हम उनकी पुरानी फिल्मों के बारे में बातें करते रहे। फिर उन्होंने बस इतना कहा कि बेटा, मुझे तुम्हारा आडिशन लेने की जरूरत नहीं है। तुम इस फिल्म का हिस्सा हो। मुझे लगता है कि उन्होंने फिल्मों के प्रति मेरा प्यार देखा। उन्होंने मेरा दूसरा कोई काम भी नहीं देखा था, लेकिन शुरू से ही मुझ पर भरोसा किया। अंजलि कहती हैं कि बचपन से धमाल, भागम भाग, भूल भुलैया, गोलमाल से लेकर फिर हेरा फेरी तक मैंने सारी कॉमेडी फिल्में देखी हैं। ये मेरे दोस्तों की भी पसंदीदा फिल्में हैं। उनके डायलॉग आज भी हम सबको जुबानी याद हैं। मैं तो बस उस पल का इंतजार कर रही थी, जब मुझे भी अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा और मैं यह साबित कर पाऊंगी कि मैंने इन सभी फिल्मों से बहुत कुछ सीखा है। अंजलि ने आगे कहा, 'अब उनके साथ परफार्म करने को मिल रहा है। सच कहूं तो मेरा अंदर का बच्चा बहुत खुश था। रितेश देशमुख से जब मैं पहली बार से मिली, तो मैंने उनसे कहा कि आपने जो फिल्म हे बेबी में शावर वाले सीन में गाना गाया था, उसे मैं आज तक नहीं भूल पाई हूं।

पहले मैंने टेलीविजन पर काम किया था, इसलिए जो लोग टीवी देखते थे, वे मुझे जानते थे। फिल्म इंडस्ट्री के बहुत ज्यादा लोग मुझे नहीं जानते थे। फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने मेरे लिए यह बदल दिया। इंडस्ट्री के लोग मुझे पहचानने लगे। अब किसी को दोबारा परिचय नहीं देना पड़ता है। यह कहना है अभिनेत्री अंजलि आनंद का।




## हॉलीवुड मसाला




# ड्यून 3 में खतरनाक हुई जंग...

लॉस एंजिल्स। ड्यून 3 का आखिरकार ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो इस साइंस-फिक्शन सीरीज का आखिरी चैप्टर है। ट्रेलर में शानदार विजुअल्स और इमोशनल ड्रामा की झलक देखने को मिलती है। टिमोथी चालमेट एक बार फिर पॉल एट्राइड्स के रोल में नजर आ रहे हैं। लेकिन इस बार पॉल के सामने सबसे बड़ी चुनौती उसके नाम पर हो रही जंग के खतरनाक नतीजे हैं। ट्रेलर में वह अपनी ताकत और फैसलों के बोझ से जूझता दिख रहा है। जेंडाया भी ट्रेलर में नजर आती हैं। लेकिन, इस बार पॉल और चानी के रिश्ते में दरार साफ दिखती है। 'ड्यून पार्ट 2' के बाद दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई हैं।




# 9 साल छोटी गर्लफ्रेंड संग ब्रैड का रिश्ता कनफर्म

**नई दिल्ली।** एंजेलिना जोली से अलग होने के बाद ब्रैड पिट फिर से प्यार में पड़ चुके हैं। वह खुद से 9 साल छोटी ज्वेलरी डिजाइनर को डेट कर रहे हैं, जिनके साथ उनकी रोमांटिक फोटोज सामने आई है। दरअसल, हॉलीवुड के सुपरस्टार ब्रैड पिट इन दिनों फेमस ज्वेलरी डिजाइनर इनेस डी रेमन को डेट कर रहे हैं। दोनों करीब दो साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने अपना रिश्ता इंस्टाग्राम पर ऑफिशियल किया है। सोशल मीडिया पर ब्रैड पिट और इनेस डी रेमन की लेटेस्ट फोटोज आग लगा रही हैं। ये तस्वीरें टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की शादी के फंक्शन की हैं। इनेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ब्रैड पिट संग अपनी फोटोज को रीशेयर किया है जिसे सेलिब्रिटी हेयरस्टाइलिस्ट लौरी जानोलेटी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। हेयरस्टाइलिस्ट ने दोनों की तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'न्यूयॉर्क के एक खास पल के लिए मेरे फेवरेट लवर्स इनेस और ब्रैड पिट।'




# मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई का धुरंधर से तुलना


**नई दिल्ली।** सच्ची घटना पर आधारित एक और नई फिल्म 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसे देख यूजर्स 'धुरंधर' से तुलना कर रहे हैं। जिस तरह हमजा ने पाकिस्तान में घुसकर धज्जियां उड़ाई थीं, उसी तरह इस बार हरफन बुखारी है। कई सच्ची घटनाओं पर आधारित 'धुरंधर' के बाद अब एक और जासूसी फिल्म आ रही है, जिसमें 'धुरंधर' जैसा ही दमखम देखने को मिलने वाला है। इस फिल्म का नाम है 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ ए स्पाई' और फिल्म की कास्ट भी काफी दमदार है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जो चर्चा में है। मालूम हो कि पहले 'मुखबिर' एक वेब सीरीज के तौर पर रिलीज की गई थी, पर अब फिल्म बनाकर रिलीज की जा रही है। जिस तरह 'धुरंधर' में मौत की सजा पाए जसकीरत सिंह रंगी को एक भारतीय जासूस बनाकर पाकिस्तान हमजा अली मजारी के नाम से भेजा जाता है।




# द पैराडाइज से राघव का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** फिल्म 'द पैराडाइज' में राघव जुयाल अहम भूमिका में नजर आएंगे। उनके किरदार का नाम विक्रम मालिक है। इस फिल्म में अभिनेता का नेगेटिव रोल है। शुक्रवार को राघव के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म से उनका पोस्टर रिलीज किया है। इसके साथ शुभकामनाएं दी हैं। राघव जुयाल ने आज इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसी के साथ 'द पैराडाइज' से राघव के किरदार की झलक दिखाई है। सामने आए पोस्टर में राघव जुयाल मुंह में सिगरेट दबाए धुआं के छल्ले बना रहे हैं। काला चश्मा लगा रखा है और तीखे तेवर के साथ देख रहे हैं। उनका यह लुक किसी खूंखार डॉन जैसा है। किल और बैड्स ऑफ बॉलीवुड में राघव जुयाल पहले ही अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। अब वे तेलुगु फिल्म में अपने अभिनय का जलवा दिखाएंगे। इसके लिए उन्होंने ट्रांसफॉर्मेशन किया है और अपने लुक पर काफी काम किया है।

## टीवी मसाला



# रक्तांचल 3 में बदला और वर्चस्व का खूंखार खेल, आमने-सामने विजय-वसीम

**नई दिल्ली।** पूर्वांचल में माफिया की असल कहानी पर बनी वेब सीरीज 'रक्तांचल' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। विजय सिंह और वसीम खान एक बार फिर आमने सामने हैं। इस बार बात सिर्फ बदले की नहीं है, बल्कि राजनीति के बदलते समीकरण और धोखेबाजी की भी है। रितम श्रीवास्तव के डायरेक्शन में बनी यह सीरीज 16 जुलाई से स्ट्रीम होगी। कहानी सिद्धार्थ मिश्रा ने लिखी है। समय ने बहुत कुछ छीना है हमसे, अब क्रोध भी नहीं है, सिर्फ एक आग है... ''रक्तांचल' सीजन 3' का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया है और पहले ही कुछ सेकेंड में विजय सिंह के किरदार का यह डायलॉग टोन सेट कर देता है। सच्ची घटनाओं पर आधारित इस वेब सीरीज का करीब दो मिनट का यह ट्रेलर हमें पूर्वांचल के उस खूंखार इलाके में वापस ले जाता है, जहां विजय सिंह और वसीम खान की पुरानी दुश्मनी, दबी हुई नफरत और सत्ता के नए खेल एक बार फिर भड़कने को तैयार हैं। कहानी पूर्वी उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल इलाके के दो मशहूर माफिया की 1980 के दशक की असल घटनाओं से प्रेरित है। सीरीज में क्रांति प्रकाश झा और निकितिन धीर लीड रोल में हैं। जब 2020 में इसका पहला सीजन और फिर 2022 में दूसरा सीजन रिलीज हुआ था, तब इस सीरीज की हिंसक और राजनीतिक दुनिया ने दर्शकों का ध्यान खींचा था। अब तीसरे सीजन में बात वर्चस्व से आगे बढ़कर बदले की है।

## हिना और रुबिना का नया टॉक शो हुआ ट्रोल

**नई दिल्ली।** टीवी के चर्चित सितारे भी अक्सर विवादों का हिस्सा बनते हैं। हाल ही में टीवी सेलेब्स से जुड़ी कुछ कंट्रोवर्सीज पर रुबिना दिलैक और हिना खान ने अपने नए टॉक शो में बात की। यह बातचीत फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को नहीं पसंद आई। इस वजह से दोनों एक्ट्रेसेस को ट्रोल भी किया गया है। रुबिना दिलैक ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपने नए शो 'पीओवी' का एक वीडियो शेयर किया। इसमें रुबिना के पति और एक्टर अभिनव शुक्ला भी नजर आए। साथ ही हिना खान और उनके पति रॉकी भी मौजूद दिखे। यह चारों शिल्पा शिंदे और आकांक्षा चमोला जैसी टीवी एक्ट्रेसेस की पिछली कंट्रोवर्सी पर चर्चा कर रही थीं। दोनों को लेकर अपने विचार जाहिर कर रही थीं। जब फैंस ने हिना खान और रुबिना के टॉक शो का वीडियो देखा तो उन्होंने खरी-खोटी सुना दी। दरअसल, यह दोनों ही टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेसेस हैं, दोनों की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। इन्हें इस तरह से दूसरों एक्टर्स की कंट्रोवर्सी पर बात करते देख, फैंस को अच्छा नहीं लगा। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इन्हें खूब ट्रोल किया।



# सिलक्यारा टनल हादसे पर बनेगी फिल्म, कबीर होंगे निर्देशक



**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस, माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और कबीर खान फिल्म्स ने नई फिल्म 'सिलक्यारा 41' का ऐलान किया है। अपकमिंग फिल्म भारत के उत्तराखंड में मौजूद सिलक्यारा टनल में हुए अद्भुत बचाव अभियान पर आधारित होगी। इस अभियान में विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया) के स्थानीय हीरो और दुनिया भर में मशहूर टनलिंग एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स ने शानदार काम किया था। इस फिल्म को अवॉर्ड जीतने वाले भारतीय फिल्ममेकर कबीर खान डायरेक्ट करेंगे। इसे मशहूर ऑस्ट्रेलियाई स्क्रीनराइटर एंड्रयू एनास्टासियोस (द वॉटर डिवाइनर) ने लिखा है। यह फिल्म भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक रोमांचक साझेदारी को दिखाएगी। फिल्म के बारे में बात मेकर्स ने बताया 'हमें माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और आमिर खान प्रोडक्शंस के बीच इस अहम सहयोग की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। सिलक्यारा टनल बचाव अभियान की कहानी ने मुझे गहराई से प्रभावित किया है। यह नामुमकिन हालात में हिम्मत, मजबूती, सूझ-बूझ और इंसानियत की कहानी है। हमें इस ऐतिहासिक दिन पर इसकी घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया अपने आपसी रिश्तों में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं।' ऐसे समय में जब दोनों देशों के नेता और प्रतिनिधिमंडल रिश्तों को मजबूत करने और आपसी सहयोग के नए दौर की शुरुआत करने के लिए मिल रहे हैं।

# राजेश ने माचिस से शुरू किया कॅरियर परिणीता फिल्म से मिली शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीलुड और बंगाली फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी के लिए मशहूर अभिनेता राजेश शर्मा इन दिनों चर्चा में हैं। खबर है कि वह हैदराबाद में प्रभास की अपकमिंग फिल्म 'फौजी' की शूटिंग में बिजी थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजेश शर्मा कई दशकों से इंडस्ट्री में हैं। फिल्मों और टीवी शो में काम करने वाले इस स्टार ने कई हिट प्रोजेक्ट्स में काम किया है। उनका जन्म 8 अक्टूबर 1970 को लुधियाना, पंजाब में हुआ था। उन्हें कम उम्र में ही एक्टिंग का शौक हो गया था। इसी वजह से उन्होंने नई दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में ट्रेनिंग ली। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। एक एक्टर के तौर पर उनकी पहली फिल्म 1996 में आई 'माचिस' थी। उन्होंने कई बंगाली फिल्मों में काम किया, जिसके बाद 2003 में 'परिणीता' फिल्म से शोहरत मिली। तब से, उन्होंने कई बड़े बजट की फिल्मों में काम किया है और भारतीय सिनेमा में लगातार सक्रिय रहे हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभा कर अपने फैंस का दिल जीता है।



### कीड़े काटने से बीमार

प्रभास की आने वाली फ़िल्म की शूटिंग के दौरान कथित तौर पर कीड़े के काटने से बीमार पड़े लोकप्रिय बंगाली अभिनेता राजेश शर्मा अब भी डॉक्टरों की निगरानी में हैं। फ़िलहाल वह ख़तरे से बाहर हैं और डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं।

### इन बड़ी फिल्मों में किया काम

राजेश शर्मा की बेहतरीन फिल्मों में भूल भुलैया 3, पीकू, खोसला का घोसला, द डर्टी पिक्चर, टॉयलेटः एक प्रेम कथा, तनु वेड्स मनु' और कई अन्य शामिल हैं। उन्हें स्पेशल 26 और एम.एस. धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी से खासा पहचान मिली। राजेश शर्मा ने साल 2005 में बंगाली अभिनेत्री सुदीप्ता चक्रवर्ती के साथ शादी की थी।

## रिलीज होते ही रच दिया था इतिहास, आज भी किया जाता है पसंद

# लाइटर को जलाते हुए बना किशोर कुमार का ब्लॉकबस्टर गाना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिल्मों में जितनी अहम स्टोरी होती है, उतना ही उसके गानें। आज हम आपको किशोर कुमार के एक गाने के बारे में बताते हैं। इस गाने को किशोर कुमार की आवाज, आर डी बर्मन के म्यूजिक और आनंद बख्शी के लिरिक्स ने सुपरहिट बना दिया था। इतना ही नहीं आप हैरान हो जाएंगे कि इस गाने का सिगरेट जलाते हुए लाइटर से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा है।

### लाइटर जलाने से जुड़ा गाने को लेकर किस्सा

इस गाने को लेकर विशाल ददलानी ने बताया था। उन्होंने एक रिएलिटी शो के दौरान कहा था कि पंचम दा सारी रात काम करके उन्होंने गाना बनाया था। जब धुन बनकर तैयार हो गई तो उन्होंने फिर इसे आनंद बख्शी को दिया ताकि वो इसके लिरिक्स लिख सकें। उस समय अब बारिश का मौसम था। आनंद बख्शी रात में घर जा रहे थे और रास्ते में वह सिगरेट जलाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन बारिश की वजह से उनका लाइटर जल नहीं रहा था और बार-बार वो बुझ रहा था। तभी उनके दिमाग में एक लाइन आई कि चिंगारी कोई भड़के तो सावन उसे बुझाए। बस इसी के बाद उन्होंने गानों की शुरुआत की।



### कौनसा था वो गाना

*हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है चिंगारी कोई भड़के। यह गाना फिल्म अमर प्रेम का है जिसमें राजेश खन्ना, शर्मिला टैगौर, विनोद मेहरा अहम किरदार में थे। अब आपको बताते हैं इस गाने से जुड़ा दिलचस्प किस्सा।*

### बख्शी साहब ने अमर बना दिया गाना

विशाल ने फिर कहा था, 'असली कलाकार वही होते हैं जो जिंदगी की साधारण घटनाओं को इतना खूबसूरत बना दें कि वो हमेशा के लिए लोगों के दिल में बस जाए। एक आम इंसान शायद इस घटना को नजरअंदाज कर देता, लेकिन बख्शी साहब जैसे गीतकार ने उस मोमेंट को उन लाइन से गाने को अमर बना दिया।'यह गाना काफी सुपरहिट हुआ था और आज भी इस गाने को काफी पसंद किया जाता है।

### आरडी बर्मन ने की थी खूब मेहनत

आईएमडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक आर डी बर्मन इस फिल्म के दौरान अपने कमरे में जाते और सुबह 9 बजे से लेकर रात के 9 बजे तक काम करते थे। वहीं, इस फिल्म का दूसरा गाना ये क्या हुआ, कैसे हुआ 1970 में आई बंगाली फिल्म राजकुमारी का पूरा कॉपी था जो था ये कि होलो। इस गाने को किशोर कुमार ने गाया था और म्यूजिक आर डी बर्मन ने दिया था।

### बंगाली डायरेक्टर ने इंग्लिश में लिखी थी स्क्रिप्ट

बंगाली राइटर और डायरेक्टर अरविंद मुखर्जी को हिंदी नहीं आती थी इसलिए उन्होंने अमर प्रेम की सक्रिप्ट इंग्लिश में लिखी थी। इसके बाद राइटर रमेश पंद ने उसे पूरा हिंदी में ट्रांसलेट किया, सिर्फ एक लाइन को छोड़कर पुष्पा आई हेट टियर्स।

## खबर संक्षेप

### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते चार आरोपी काबू

**कोसली।** थाना कोसली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नया गांव मोड़ के पास कुछ लोग ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो चार लोग जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने चारों को मौके पर ही काबू कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में श्याम नगर निवासी चंद्रसेन, प्रताप, भाकली निवासी ज्योतिसिंह व कोहारड़ निवासी पवन शामिल हैं। पवन से जुए के 450 रुपये, ज्योति से 600 रुपये, चंद्रसेन से 550 रुपये और प्रताप से 500 रुपये बरामद किए हैं।

### बाइक चोरी के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस एक आरोपी के साथ बाइक पहले ही बरामद कर चुकी है। महेंद्रगढ़ के गांव बजाड़ निवासी सुनील कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया था कि उसने कुंड बैरियर पर फुटवियर और गारमेंट्स की दुकान की हुई है। 26 मई को सुबह करीब 10 बजे वह अपनी बाइक दुकान के सामने खड़ी करके अंदर सामान व्यवस्थित करने लगा था। इसी दौरान जल्दबाजी में बाइक की चाबी बाइक में ही लगी रह गई। कोई अज्ञात चोर मौका पाकर चाबी लगी बाइक को चोरी कर ले गए। पुलिस ने एक आरोपी हितेंद्र उर्फ डॉक्टर को पहले ही धर दबोचा लिया था।

### कोसली क्षेत्र के गांवों से दो युवतियां लापता

**कोसली।** क्षेत्र के अलग-अलग गावों दो युवतियां लापता हो गई। लापता युवती की मां ने शिकायत में बताया कि उनकी 18 वर्षीय लड़की वीरवार सुबह घर से कहीं चली गई है। एक अन्य मामले में क्षेत्र के गांव से एक 20 वर्षीय युवती ड्यूटी पर जाने की कह कर लापता हो गई। गांव में किराए पर रह रहे युवती के पिता ने शिकायत में बताया कि चार बच्चों में सबसे बड़ी उनकी लड़की कंपनी में नौकरी करती है। वह 6 जुलाई को प्रातः 8:30 बजे घर से ड्यूटी के लिए गई थी। 7 जुलाई को उसने फोन कर सहेली के जन्मदिन पर जाने की बात कही, लेकिन अब उसका फोन बंद आ रहा है। युवती के पिता ने अज्ञात लड़के पर उनकी बेटी को ले जाने का संदेह जताया है।

### खड़े ट्रक से टकराकर बाइक सवार की मौत

**कोसली।** गुड़ियानी गांव के पास वीरवार रात हुई एक सड़क दुघर्टना में शादीपुर गांव के मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। मृतक के भाई सोमबीर ने कोसली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका 39 वर्षीय भाई सुरेश जाटूसाना गांव स्थित सदा शिवा इन्फ्रा स्टील प्राईवेट लिमिटेड कंपनी में ड्यूटी कर वापस घर आ रहा था कि उसकी बाइक गैस एजेंसी के समीप बिना इंडिकेटर के सड़क पर खड़े एक ट्रक से जा टकराई। दुर्घटना में उनके भाई को गंभीर चोटें आई। सूचना के बाद वे अपनी पत्नी मोनिका के साथ मौके पर पहुंचे तथा अपने भाई को एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां देर रात दुर्घटना में लगी चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### वायु सेना में विंग कमांडर बने कोसली के मनोज

**कोसली।** कोसली गांव के मोहल्ला बोहरिका निवासी मनोज कुमार ने भारतीय वायुसेना में स्क्वाड्रन लीडर से विंग कमांडर के पद पर पदोन्नत होकर अपने परिजनों व गांव को गौरवान्वित किया है। मनोज कुमार के विंग कमांडर बनने पर ग्रामवासियों में हर्ष का माहौल है। पिता भीम सिंह ने कहा कि मनोज ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और देशसेवा के प्रति समर्पण से युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। एडवोकेट जीवन हितेषी, विशाल कोच, रवि यादव, शक्ति कोसलिया, लखन मास्टर, अमन सेठ व राजीव ने मनोज को बधाई दी है।

## गुड़ियानी, रतनथल, लिलोढ़ व जाटूसाना में 19.43 करोड़ से होंगे तैयार

# जिले के चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के भवन का शिलान्यास

कोसली विधानसभा क्षेत्र में करीब 15 करोड़ की राशि से 26 सब हेल्थ सेंटर, डहीना व गुरावड़ा में एक करोड़ 70 लाख बीएचयू यूनिट की होगी स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने शुक्रवार को गांव गुड़ियानी में क्षेत्र के गांवों में बनने वाली चार पीएचसी का शिलान्यास किया। गांव गुड़ियानी, रतनथल, लिलोढ़ व जाटूसाना में 19 करोड़ 43 लाख रुपए की लागत पीएचसी बनवाई जाएंगी।

इस मौके पर विधायक अनिल यादव ने बताया कि कोसली विधानसभा क्षेत्र में करीब 15 करोड़ की राशि से 26 सब हेल्थ सेंटर भी बनवाए जा रहे हैं। गुरावड़ा गांव की सीएचसी का 24 करोड़ रुपए खर्च कर नया भवन भी बनवाया जाएगा। कोसली, डहीना व गुरावड़ा अस्पतालों में एक करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से बीएचयू यूनिट की स्थापना की जा रही है।




रेवाड़ी। गुड़ियानी में चार स्वास्थ्य केंद्रों का शिलान्यास करती स्वास्थ्य मंत्री आरती राव। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। कोसली में स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत करती महिला वकील। फोटो :हरिभूमि

### कोर्ट परिसर में कार्यों का किया उद्घाटन

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कोसली कोर्ट कैंपस में नवनिर्मित पार्किंग स्थल व टीन शेड सहित अन्य निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। उन्होंने कोसली बार एसोसिएशन को ई-लाइब्रेरी स्थापित करने के लिए 5 लाख रुपए की ग्रांट देने का ऐलान किया। इस मौके पर आरती राव ने कहा कि लोगों का न्याय दिलवाने में अधिवक्ता अहम भूमिका निभा रहे हैं। अधिवक्ताओं के दम पर ही आम नागरिक कोर्ट से न्याय मिलने की आस रखता है। बार एसोसिएशन के प्रधान विनय कुमार यादव ने बताया कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कोसली बार को 10 लाख रुपए की ग्रांट दी थी, जिससे ये कार्य कराए गए हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने पौधारोपण भी किया। समारोह के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने मार्केट कमेटी कोसली की ओर से कृषि कार्य करते समय दुर्घटना का शिकार हुए छह पीड़ितों एवं उनके परिजनों को 11 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता के चेक भी भेंट किए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि किसान और खेतिहर श्रमिक देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। कृषि कार्य के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं से प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करना सरकार की सामाजिक जिम्मेदारी है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में पांच नर्सिंग कॉलेज पीपी मोड में शुरू करने के लिए मंजूरी प्रदान की है, जिनमें सादतनगर गांव का नर्सिंग कॉलेज भी शामिल है। कोसली में आरओबी बन चुका है तथा डहीना में कोर्ट से वन विभाग का स्टे हटते ही फ्लाईओवर का काम शुरू कराया जाएगा।

कोसली में शीघ्र रोडवेज सब डिपो की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा मसीत में आईटीआई की निर्माण प्रक्रिया शीघ्र आरंभ होने वाली है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली, समाजसेवी अनिल रायपुर, वरिष्ठ भाजपा नेता वीरकुमार यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष हुकमचंद यादव, चेयरमैन दुष्यंत सिंह, चेयरमैन महेश यादव, कपिल प्रधान, चेयरमैन अजय पाटौदा, जिला पार्षद शारदा यादव, जिला उपाध्यक्ष बलजीत यादव, जिला उपाध्यक्ष धीरज यादव, भूपेंद्र खोला, मुकेश जाहिदपुर, अनीता पहराजवास, नीतू चौधरी, मंडल अध्यक्ष अनूप नागेश, उदयभान डागर, सुनीता गुड़यिानी, सीएमओ डा. नरेंद्र दहिया व डा. रविंद्र सहित अनेक अधिकारी व पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

# निखरी में चला डीटीपी का पंजा, तीन एकड़ में बन रही अवैध कॉलोनी जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



डीटीपी मंदीप सिहाग।



रेवाड़ी। निखरी में अवैध कॉलोनी में निर्माण को ध्वस्त करती जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

डीटीपी विभाग की टीम ने शुक्रवार को रेवाड़ी की राजस्व सीमा में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की अवैध निर्माणों पर चल रही लगातार कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी प्रॉपर्टी डीलर व कोलोनाइजर अवैध कॉलोनी विकसित करने में लगे हुए है। डीटीपी के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम गांव निखरी में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 3 एकड़ जमीन पर बिना अनुमति के विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का जमींदोज किया। टीम ने यहां 15 डीपीसी, 3 चारदीवारी व रोड नेटवर्क को समतल कर दिया। डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें।

# तीन साल से फरार जानलेवा हमले का आरोपी दो दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो :हरिभूमि

मोहदीनपुर गांव में लगभग 3 साल पहले चोरी का प्रयास करने और फायरिंग करते हुए युवक को गोली मारने के एक आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। उससे हथियार बरामद करने के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। एक आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मोहदीनपुर निवासी सुनील कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया था कि 18 मई 2023 की रात को वह अपने घर पर सोया हुआ था। करीब रात 1:15 बजे उसके चचेरे भाई मुकेश ने उसे जगाया और सूचना दी कि गांव के ही रामबिलास के घर में 4 अज्ञात चोर घुसे हैं। सूचना पाकर सुनील, उसका चचेरा भाई मुकेश और छोटा भाई सूरज तुरंत रामबिलास के घर की तरफ भागे। पकड़े जाने के डर से चोर बिना चोरी किए ही भागने लगे। जब सुनील और उसके परिवार ने साहस दिखाते हुए बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया, तो एक बदमाश ने खौफ पैदा करने के लिए हवाई फायर कर दिया। इसके बावजूद जब सुनील ने उनका पीछा नहीं छोड़ा, तो बदमाशों ने सीधे जान से मारने की नीयत से सुनील पर गोली चला दी। बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए थे। अब झज्जर के बीड़ छुछुकवास निवासी सिकंदर को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।



### बाइपास व कुलताजपुर रोड पर 5 एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा

**नारनौल।** जिला नगर योजनाकार टीम ने शुक्रवार शहरी क्षेत्र में बाईपास रोड व बीपीएस स्कूल के पास कुल्ताजपुर रोड पर राजस्व सम्पदा मौजा रसूलपुर में लगभग पांच एकड भूमि में अवैध कालोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की इस कार्यवाही में करीब पांच एकड भूमि में 10 डीपीसी, नौ चारदीवारी व दो मकान और एक दुकान के साथ-साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए। यह पूरी तोड़फोड़ विभागीय कार्यवाही डयूटी मजिस्ट्रेट सहायक नगर योजनाकार सतेन्द्र कुमार की अगुवाई में पुलिस बल की मौजूदगी में प्रशासन की मदद से अमल में लाई गई। इस कार्रवाई के बाद जिला नगर योजनाकार मंदीप सिंह सिहाग ने कहा है कि नियन्त्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें तथा निदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा से लाईसैन्स अनुमति लेने उपरान्त ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें अन्यथा चूककर्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## विकसित भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता होनी अति आवश्यक: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



खंड के गांव धोली में केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, जन कल्याण शिविर एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कंवर सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए पात्र लाभार्थियों को इनका अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि विधायक कंवर सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संकल्प था कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अनुच्छेद-370 हटाकर इस संकल्प को साकार किया है। कार्यक्रम में नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी, तहसीलदार अजय कुमार, बीजेपी जिला महामंत्री योगेश शास्त्री, पाली मंडल अध्यक्ष दीपिका कुमारी, कार्यक्रम संयोजक महिपाल यादव, संदीप मालड़ा, खंड विकास एव पंचायत अधिकारी मनोज कुमार, अर्चना ठाकुर, जिला पार्षद वचनाई नाथ, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष पवन खैरवाल आदि रहे।

### आंधी व बारिश का कहर : कनीना-महेंद्रगढ़ स्टेट हाइवे 24 पर गिरा पेड़, लगा लंबा जाम



**कनीना।** शुक्रवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली और तेज आंधी के साथ हुई जोरदार बारिश ने कनीना-महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे नंबर 24 पर यातायात पूरी तरह से ठप कर दिया। शाम करीब 5:30 बजे आए इस तेज अंधड़ के कारण हाईवे के किनारे खड़ा एक पुराना और भारी भरकम कीकर का पेड़ जड़ से उखड़कर सीधे सड़क के बीचों-बीच आ गिरा। इस प्राकृतिक आपदा के चलते हाईवे पर पूरी तरह से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। पेड़ का आकार इतना विशाल था कि उसने सड़क के दोनों ओर के रास्तों को पूरी तरह से रोक दिया, जिससे आवागमन बाधित हो गया। यह घटना शाम 5:30 बजे की है, जो कि घर लौटने वाले लोगों के लिए व्यस्त समय (पीक आवर) होता है। सड़क बंद होने के तुरंत बाद ही स्टेट हाईवे के दोनों ओर वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लग गईं। बस, कार, ट्रक और दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गनीमत यह रही कि जिस समय यह विशाल पेड़ गिरा, उस वक्त उसके ठीक नीचे से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। जाम में फंसे परेशान राहगीरों और वाहन चालकों ने तुरंत इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी।

# हरजीपुर में पुलिस की मौजूदगी में हटाया पंचायती जमीन से अवैध कब्जा

- गावं की पंचायती जमीन पर प्रभावशाली लोगों ने जमाया हुआ था कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। गांव हरजीपुर में अवैध कब्जे हटाने पहुंची टीम।

पंचायत विकास विभाग की ओर से ग्रामीण इलाकों में लंबे समय से पंचायती जमीन पर किए गए अवैध कब्जों को हटवाने का अभियान तेज कर दिया गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को हरजीपुर गांव में पुलिस बल की मौजूदगी में कब्जा हटवाया गया।

गांव की पंचायती जमीन पर प्रभावशाली लोगों ने कब्जा जमाया हुआ था। ग्राम पंचायत की ओर से जमीन खाली कराने के लिए केस दायर किया था, जिस पर ग्राम पंचायत के पक्ष में फैसला आया था। इसके बाद डीसी की ओर से कब्जा खाली कराने के आदेश जारी किए गए थे। शुक्रवार को पंचायत विभाग की टीम ड्यूटी मजिस्ट्रेट एसडीओ पंचायती राज डहीना जितेंद्र कुमार और थाना खोल पुलिस के साथ गांव में पहुंची। जेसीबी की मदद से अवैध कब्जा हटाकर जमीन को खाली करा दिया गया। पुलिस की मौजूदगी के चलते इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। कब्जा हटने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।



### नशीला पदार्थ गांजा बेचते दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रोहडाई पुलिस ने नशीला पदार्थ गांजा की खरीद-फरोख्त करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 43.09 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है। पुलिस को सूचना मिली थी की मोहित व सचिन निवासी गांव करावरा मानकपुर जो नशीला पदार्थ गांजा बेचने का काम करते हैं। वह अपनी अपनी कार में सवार होकर गांव चिल्हड की तरफ से अपने गांव में आने वाले हैं। सूचना को सच मानकर तुरन्त रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंचकर आरोपियों को काबू करके नाम पता पूछा तो उन्होंने अपना नाम मोहित व सचिन निवासी गांव करावरा मानकपुर बतलाया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट को साथ लेकर आरोपियों की तलाशी ली गई तो आरोपियों के कब्जे से 43.09 ग्राम नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना रोहड़ाई में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी मोहित व सचिन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की कार भी पुलिस ने कब्जे में ले ली।

# मोनू हत्याकांड का तीसरा आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

- पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर कराई थी हत्या, महिला का प्रेमी अभी भी गिरफ्त से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

कसोला पुलिस ने जड़थल निवासी युवक मोनू की हत्या के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस मृतक की पत्नी सहित दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, जब मुख्य आरोपी की तलाश जारी है।

गत 8 जून की रात मोनू अपने घर से मेडिकल स्टोर पर दवा लाने के बहाने स्कूटी लेकर घर से निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। 10 जून को उसका शव आसलवास नहर में मिला था। मृतक के परिजनों ने उसके ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या का संदेह जताया था। जांच के दौरान यह बात सामने आई थी कि मोनू की पत्नी तन्नू ने उसे कसोली बुलाया था, जहां मुंडनवास निवासी हरिओम और अमन ने उसका मुंह और नाक दबाकर बेसुध कर दिया। बाद में उसे नहर में फेंक दिया गया। उसकी स्कूटी भी नहर के पास ही बरामद हुई थी। पुलिस ने तन्नू और हरिओम को गत 3 जुलाई को ही गिरफ्तार कर लिया था।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए पुलिस टीम। फोटो :हरिभूमि

### नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहकर पढ़ाई और खेलों पर ध्यान दें युवावर्ग : जितेन्द्र

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने शुक्रवार को सतलुज सीनियर सैकेंडरी स्कूल गांव बेरली कलां व राव निहाल सिंह सैकेंडरी स्कूल गांव दड़ौली में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों व साइबर अपराधों से सकर्त रहने के लिए जागरूक किया। नशा मुक्ति टीम से एएसआई जितेन्द्र कुमार ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। युवाओं को नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूरी बनाकर रखनी चाहिए तथा पढ़ाई व खेलों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के लिए सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि ठगी से बचने के लिए किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से यातायात नियमों का पालन करने की भी अपील की। एएसआई ने कहा कि यदि कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या आपातकालीन स्थिति में हो तो तुरंत डायल 112 पर सूचना दें। वही नशा गतिविधियों की सूचना मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर करें।

## योजना से एससी वर्ग को आजीविका के लिए मिलेंगे बेहतर अवसर

# पीएम अजय योजना सामाजिक उत्थान में सही पहल

प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमित मॉनिटरिंग एवं विभागीय अभिसरण पर भी दिया बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी




रेवाड़ी। समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना यानि पीएम-अजय अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान की दिशा में केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। डीसी अभिषेक मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय परियोजना मूल्यांकन एवं अभिसरण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने योजना के तहत जिले में किए जा रहे कार्यों एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

#### ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, सिंचाई विभाग के एसई प्रदीप यादव, डीआईओ सचिन, डा. ज्योति यादव, बीडीपीओ शुभम और जन स्वास्थ्य विभाग एसडीओ इंद्रजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।*

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से संचालित योजना है।

योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को आजीविका के बेहतर अवसर उपलब्ध कराकर उनकी आय में वृद्धि, कौशल विकास तथा सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें समयबद्ध तरीके से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमित मॉनिटरिंग एवं विभागीय अभिसरण पर भी बल दिया।

# पारा पांच डिग्री चढ़ने से उमस ने सताया, शाम को कई इलाकों में बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

**आंधी के साथ बारिश आने के बाद जिले में सुहाना हुआ मौसम, कई इलाकों में बनने लगे जलभराव के हालात**


रेवाड़ी। शुक्रवार शाम हुई बरसात से खेत में भरा पानी।

सुबह से आंशिक बादलों के बीच सूरज की तपिश ने तापमान 5 डिग्री तक बढ़ाया, तो उमस भरी गर्मी ने लोगों का जमकर परेशान किया। शाम के समय कई इलाकों में आंधी के साथ तेज बारिश ने मौसम सुहाना बना दिया। झमाझम बारिश के बाद कुछ इलाकों में जलभराव के हालात भी बन गए। कुछ दिन तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। शुक्रवार को सुबह के समय आंशिक बादल छाए रहे। बीच में एक बार आसमान साफ हुआ तो सूरज की तपिश और हवा में नमी ने भारी उमस पैदा कर दी। दोपहर बाद तक भारी उमस ने लोगों के पसीने छुड़ाए रखे। अधिकतम तापमन 5.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 36.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी 1.9 डिग्री की वृद्धि के साथ 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शाम तक उमस का असर इस तरह से बना रहा कि कूलरों की हवा तक ने काम करना बंद कर दिया। हवा में नमी 90 प्रतिशत तक रहने के कारण भारी उमस परेशान करती रही। चिपचिपाहट भरी गर्मी का असर बना रहा। शाम के समय मौसम ने करवट ली। बादल गहराने के बाद आंधी के साथ कुछ इलाकों में हल्की, तो कुछ इलाकों में जमकर बारिश हुई। उमस भरी गर्मी की जगह मौसम सुहाना हो गया। डहीना खंड में शाम तक 40 एमएम तक बारिश होने का अनुमान लगाया गया। शहर में बारिश कम रही, लेकिन सड़कों पर एक बार फिर पानी एकत्रित हो गया।

### खेतों में भरा बरसात का पानी

डहीना खंड में अच्छी बारिश होने के कारण खेतों में पानी एकत्रित हो गया। पहाड़ी एरिया में खेतों में पहाड़ों का पानी आने से फसल जलमग्न हो गई। गांवों में भी जबरदस्त जलभराव हो गया। अगर अधिक बरसात होती है, तो पहाड़ों के आसपास के गांवों में जलभराव की स्थिति पैदा हो सकती है। इस बरसात का कपास और बाजरे की फसलों को अच्छा फायदा मिल रहा है।

## नई एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस में गंभीर घायलों को मिलेगा जीवनरक्षक उपचार

**स्वास्थ्य मंत्री ने 30 एडवांस्ड लाइफ स्पोर्ट एंबुलेंस को दिखाई झंडी**

# प्रदेश सरकार बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रतिबद्ध : आरती राव


रेवाड़ी। एंबुलेंस को रवाना करते हुए आरती राव। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार पूरे प्रदेश में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने की दिशा में तेजी से कदम उठाए जा रहे हैं। आरती शुक्रवार को रामपुरा गांव से 30 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न जिलों के लिए रवाना करने के बाद वहां मौजूद लोगों को संबोधित कर रही थीं। इससे पहले सीएम नायब सिंह सैनी ने अंबाला के नारायणगढ़ से प्रदेशभर के लिए 40 एएलएस एंबुलेंस को रवाना किया था। आरती सिंह राव ने कहा कि नई एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित हैं। इनमें गंभीर रूप से घायल अथवा गंभीर बीमार मरीजों को अस्पताल पहुंचाने के दौरान आवश्यक जीवनरक्षक उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे विशेषकर ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों के लोगों को भी त्वरित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने को लेकर लगातार कार्य कर रही है। सरकार द्वारा हरियाणा के सभी सरकारी अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करवाया जा रहा है।

### अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील

मंत्री आरती सिंह राव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। पौधारोपण से आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल करने का भी संकल्प लेने का आग्रह किया।

### एसआईआर का फार्म तुरंत जमा करवाएं आमजन

स्वास्थ्य मंत्री ने नागरिकों से लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए कहा कि जिन मतदाताओं ने अभी तक विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अपना फॉर्म जमा नहीं कराया है, वे 14 जुलाई से पहले निर्धारित प्रपत्र भरकर अपने संबंधित बूथ लेवल अधिकारी को अवश्य जमा करवाएं। प्रत्येक मतदाता का वोट लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। आपकी आवाज और आपका वोट दोनों ही बेहद महत्वपूर्ण हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली, विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, कोसली विधायक अनिल यादव, बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार, नगर परिषद चेयरपर्सन विनीता पीपल, नगर पालिका धारूहेड़ा के चेयरमैन अजय जांगड़ा, भाजपा जिला महामंत्री पं. हिमांशु पालीवाल, जिला महासचिव दिनेश टींट, रामपुरा के सरपंच नरेश यादव, प्रदीप ठेकेदार नारायणपुर, रविंद्र जाडरा व कई अन्य भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### शिक्षा, संस्कार और सेवा की भावना को मजबूत करने में सामाजिक संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका: आरती

रेवाड़ी। शुक्रवार को जांगिड़ समाज की ओर से पुराना कोर्ट रोड स्थित धर्मशाला में वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने मुख्य अतिथि तथा विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष कैलाश चंद्र जांगिड़ ने अतिथियों का अभिनंदन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि आरती राव ने जांगिड़ ब्राह्मण समाज की ओर से निर्मित सामुदायिक भवन की सराहना करते हुए कहा कि समाज ने एकजुटता और सामूहिक प्रयासों से एक महत्वपूर्ण सामाजिक केंद्र का निर्माण किया है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने समाज की एकता, सामाजिक चेतना, शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाएं समाज में शिक्षा, संस्कार, संगठन और सेवा की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने सामुदायिक भवन के शेष निर्माण कार्य के लिए 11 लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा की। वहीं विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने भी भवन के कार्य के लिए 6 लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा की। विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि जांगिड़ समाज मेहनत, कौशल, संस्कार और राष्ट्र निर्माण में अपने योगदान के लिए जाना जाता है। समाज की एकजुटता और विकास के लिए किए जाने वाले सकारात्मक प्रयासों में उनका सहयोग सदैव बना रहेगा। समारोह में कोसली विधायक अनिल यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली, नगर परिषद चेयरपर्सन विनीता पीपल, कार्यक्रम के अध्यक्ष धारूहेड़ा नगर पालिका अध्यक्ष अजय जांगड़ा, पार्षद संतोष यादव जांगड़ा, पार्षद देवेंद्र शर्मा, बावल के मनोनीत पार्षद जगन्नाथ, जांगिड़ ब्राह्मण समाज समिति के अध्यक्ष राजकुमार तथा विश्वकर्मा शिक्षा समिति के अध्यक्ष हेमंत जांगड़ा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।


रेवाड़ी। स्वास्थ्य मंत्री को स्मृति चिंह भेंट करते जांगिड़ समाज के लोग।

## वर्कशॉप में कार्यकर्ताओं को दिया डिजिटल लर्निंग से सक्रियता का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला प्रभारी नसीम अहमद मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। वर्कशॉप में डिजिटल लर्निंग को लेकर जोर दिया गया। तकनीक के इस आधुनिक युग में संगठन को और अधिक सुदृढ़ तथा हाईटेक बनाने के लिए वर्कशॉप में जिला महामंत्री व उपाध्यक्ष सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष डा. पोपली ने कहा कि आज के समय में तकनीक से जुड़ना केवल समय की मांग नहीं, बल्कि संगठन की मजबूती के लिए अनिवार्य है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि डिजिटल लर्निंग आज के युग में संगठन की कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी, तीव्र और प्रभावी बनाने का सबसे सशक्त माध्यम है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को तकनीक के क्षेत्र में पारंगत होना होगा ताकि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को डिजिटल माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक और अधिक मजबूती से पहुंचा सकें।

### पौधरोपण कर मनाया वार्षिक उत्सव



रेवाड़ी। शुक्रवार को अभिराज सांस्कृतिक संस्था की ओर से वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस मौके पर संस्था के सदस्यों ने नेताजी सुभाष चंद्र पार्क में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संस्था के मार्गदर्शक पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी धर्मबीर बल्डोदिया ने कहा कि संस्था ने 3 वर्षों से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में सहयोग कर रही है। संस्था के निदेशक अभिषेक सैनी ने कहा कि संस्था की ओर से समय-समय पर पौधारोपण, पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था, सफाई अभियान, हर चेहरे पर मुस्कान और गोरक्षा को लेकर अभियान चलाए जा रहे है। इस अवसर पर समाजसेवी ईश्वरी प्रसाद, डा. आर के शर्मा, मुकेश भार्गव, शालू सैनी, दिव्या, प्रिया, खुशी, कपिल, भरत कुमार व प्रशांत मौजूद थे।

## न्यूज डायरी



### छात्रों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में बताए बढ़ती जनसंख्या के फायदे और नुकसान

बावल। ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल दुल्हेड़ा खुर्द में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का थीम 'बढ़ती जनसंख्या: वरदान या अभिशाप' था, जिसमें छात्रों ने इसके फायदे और नुकसान पर अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर भूगोल प्रवक्ता नवीन शर्मा ने बच्चों को बढ़ती आबादी के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अनियंत्रित जनसंख्या सीधे तौर पर पर्यावरण, जल संकट और सीमित प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव डाल रही है। उन्होंने आने वाली पीढ़ी को इसके प्रति समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सभी स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद थे।

### बूढ़पुर में महिलाओं ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



रेवाड़ी। गांव बूढ़पुर में विकसित होने वाले राव मोहर सिंह बायोडायवर्सिटी पार्क की आधारशिला रखी जा चुकी है। ग्रामीणों ने पार्क में गतिविधियां शुरू कर दी है। महिलाएं सुबह के समय योगासन करने के साथ पार्क में पौधारोपण भी कर रही है। शुक्रवार को योग प्रशिक्षक पिकीं यादव के नेतृत्व में पुष्पा देवी, रामरती, कबूल, किरण, ज्ञाना देवी, भगोती व मुन्नी देवी सहित अनेक महिलाओं ने दर्जनों पौधे रोपित किए। पिकीं यादव ने बताया कि बायोडायवर्सिटी पार्क के शिलान्यास के युवा, महिलाएं व ग्रामीण श्रमदान कर रहे है। लोगों का पार्क के प्रति रुझान बढ़ता जा रहा है।



### भाविप ने श्रमिकों को भोजन वितरित कर धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

रेवाड़ी। भारत विकास परिषद शाखा की ओर से स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सेक्टर-5 स्थित लेबर चौक पर सेवा प्रकल्प के तहत श्रमिकों को भोजन वितरण किया गया। इस अवसर सेवा संयोजक हुक्म चन्द प्रजापत व प्रांतीय संयोजक पर्यावरण मुकेश सैनी ने कहा कि परिषद अपने सेवा दायित्वों का पूर्णरूप से निर्वहन कर रही है। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष दिनेश सैनी, सचिव राम किशोर सैनी, कोषाध्यक्ष प्रेम महेंदीरत्ता, डा. दीपक सैनी, दयाराम आर्य, नितिन गोयल, योगेश शर्मा, अजय गुप्ता व नंदलाल ढींगरा सहित परिषद के अनेक सदस्य मौजूद थे।




### पौधरोपण करने के साथ देखभाल की भी जिम्मेदारी लें नागरिक: डा. कृष्ण

रेवाड़ी। ग्राम पंचायत रामपुरा की ओर से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बावल के विधायक डा.कृष्ण कुमार ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर सरपंच नरेश यादव नरू सहित अनेक लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। विधायक ने कहा कि पीपल, बरगद और नीम की त्रिवेणी भारतीय संस्कृति, आस्था तथा प्रकृति का अद्भुत संगम है। विधायक ने कहा कि पौधे न केवल पर्यावरण को शुद्ध रखते है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें जीवित रखने की भी हमारी जिम्मेदारी है। इस मौके पर जिला भाजपा सचिव दिनेश यादव टींट, महामंत्री प्रदीप ठेकेदार नारायणपुर, सरपंच चेतन अहरोद, सरपंच हेमंत हेमू, सरपंच महेश यादव बोहतवास और धर्मपाल नंबरदार मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

### चातुर्मास कथा 30 से, संत महात्माओं ने की चर्चा

कुंड। क्षेत्र के गांव सीहा के सिद्ध श्री योगीराज बाबा रामस्वरूपदास दादूपंथी आश्रम में आगामी 30 जुलाई से 7 सितंबर तक चलने आध्यात्मिक कार्यक्रम चातुर्मास कथा के आयोजन को लेकर शुक्रवार को महंत नरोत्तमदास महाराज के सान्निध्य में संत महात्माओं की एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें कथावाचक लक्ष्मीराम पीठ जयपुर के महंत रामझूलन दास महाराज, महंत रामभजन दास कपूरी, महंत रमेशदास उज्जैन, दयालदास महाराज किवाड़ा टोंक व दीपदास महाराज सीहा मौजूद थे। महंत नरोतम दास महाराज ने कहा कि चातुर्मास की कथा एक पावन कथा है, जिसके सुनने से सभी कष्ट दूर हो जाते है। महंत रामझूलन दास महाराज ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे इस कथा को सुनकर पुण्य कमाए। बैठक में पूरे देश में 27 जुलाई को चलने वाले गोरक्षा महा अभियान के बारे में भी चर्चा की गई।



**परेशानी** सामाजिक कार्यकर्ता ने सीएम, बिजली मंत्री को लिखा पत्र

# घंटों बिजली गुल होने से ग्रामीण परेशान

## सब-डिवीजनों पर तकनीकी कर्मचारियों की कमी

- खरखड़ा गांव में राजकीय महाविद्यालय, राजकीय आईटीआई व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सहित अनेक औद्योगिक एवं व्यावसायिक इकाइयां है संचालित



रेवाड़ी। गांव खरखड़ा स्थित डीएचबीवीएन का 33 केवी बिजली सब स्टेशन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

जिले के कस्बा धारूहेड़ा, गांव जोनावास और जड़थल सब-डिवीजनों में लाइनमैन सहित तकनीकी कर्मचारियों की भारी कमी है, जिसका सीधा असर बिजली उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। मामूली फॉल्ट को ठीक करने में भी कई-कई घंटे लग जाते हैं। स्टाफ की कमी के कारण कर्मचारियों पर अत्यधिक कार्यभार होने के कारण वे समय पर सभी शिकायतों का समाधान नहीं कर पा रहे है। समस्या को लेकर गांव खरखड़ा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री, बिजली मंत्री व दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक सहित अन्य अधिकारियों को पत्र भेजकर जिले में बिजली निगम की बदहाल व्यवस्था, कर्मचारियों की भारी कमी और अधिकारियों की लापरवाही पर चिंता व्यक्त करते हुए पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की तैनाती वास्तविक आवश्यकता के अनुसार नहीं है, जिन क्षेत्रों में बिजली कनेक्शनों की संख्या लगातार बढ़ चुकी है, वहां भी वर्षों से पर्याप्त मैनपावर उपलब्ध नहीं कराया गया है।

उन्होंने कहा कि खरखड़ा गांव क्षेत्र का एक प्रमुख केंद्र है, जहां राजकीय महाविद्यालय, राजकीय आईटीआई व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सहित अनेक औद्योगिक एवं व्यावसायिक इकाइयां संचालित हैं। गांव से हर माह बिजली निगम को लाखों रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। इतना ही नहीं, ग्रामीणों ने क्षेत्र की बेहतर विद्युत व्यवस्था के लिए 33 केवी पावर हाउस के निर्माण के लिए भूमि भी निःशुल्क उपलब्ध कराई थी। इसके बावजूद गांव में रात के समय बिजली फॉल्ट होने के बाद घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री, बिजली मंत्री और डीएचबीवीएन प्रबंधन से जिले में कर्मचारियों की वास्तविक आवश्यकता का आकलन कराने, धारूहेड़ा, जोनावास और जड़थल सब-डिवीजनों में पर्याप्त संख्या में लाइनमैन एवं तकनीकी कर्मचारियों की नियुक्ति करने तथा प्रदेशभर में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या के अनुसार मैनपावर वितरण की स्थाई नीति लागू करने की मांग की है।

## सीहा में कलश यात्रा के साथ शिव पुराण कथा आज से

कुंड। गांव सीहा के बाबा छबीलदास मंदिर में 11 जुलाई से शिव पुराण कथा का शुभारंभ होगा। कथा का समापन 19 जुलाई को होगा। कथा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा। कथा के शुभारंभ पर शनिवार को सुबह 8 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम में कथा व्यास दिव्यानारयणाचार्य महाराज कथा का वाचन करेंगे। कथा में प्रथम दिन श्री शिव महापुराण माहात्म्य, द्वितीय दिवस पार्थिव शिवलिंग पूजन विधि एवं शिव प्रसाद की महिमा, तृतीय दिवस नारद मोह एवं कुबेर की तपस्या, चतुर्थ दिवस सती चरित्र, शिव सती विवाह, पांचवे मां पार्वती का प्राकट्य महोत्सव, तपस्या रहस्य, शिव पार्वती विवाह महोत्सव, छठे दिन पतिव्रत धर्म का उपदेश, विदाई, कार्तिकेय एवं श्री गणेश प्राकट्य महोत्सव, सातवें दिन त्रिपुरासुर वध, जालंधर उद्धार,बाणासुर पर कृपा, महिषासुर वध व भगवान शिव के द्वारा गजासुर का उद्धार, आठवें दिन भगवान शिव के विविध अवतारों की कथाएं और नौवें दिन द्वादश ज्योतिर्लिंग माहात्म्य वर्णन, शिवलिंग महात्म्य वर्णन व उमा संहिता के प्रसंगों का वर्णन होगा।

